**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–08.03.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी में 'लखपति दीदी सम्मेलन में कहा– आधी आबादी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है सरकार।**
- **राज्य में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए कई कार्यक्रम, बेहतर कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित, महिला कर्मियों ने रांची–टोरी ट्रेन का परिचालन कर पेश की एक मिसाल।**
- **हजारीबाग में एनटीपीसी कोल परियोजना के वरीय अधिकारी की हत्या मामले में बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने घटनास्थल का किया दौरा, जल्द पूरे मामले का होगा खुलासा।**
- **रांची व्यवहार न्यायालय में लगा राष्ट्रीय लोक अदालत, 56 बेंचों में तीस हजार से ज्यादा मामलों का हुआ निपटारा, महिला अधिवक्ताओं को भी किया गया सम्मानित।**
- **बंगलुरु में आयोजित 45 वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में आज झारखंड के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, श्रीराम यादव ने स्वर्ण और राजेंद्र प्रसाद ने जीता कांस्य पदक।**

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। उन्होंने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी में लखपति दीदी सम्मेलन को संबंधित कर रहे थे।

******************

राज्य में भी अंतराराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बेहतर कार्य और उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिलाओं को उनका हक–अधिकार देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर रांची रेलमंडल के अंतर्गत रांची– टोरी स्पेशल ट्रेन का परिचालन महिला कर्मियों द्वारा किया गया. इस रेलमंडल के डीसीएम निशांत कुमार ने कहा कि आज ट्रैकमैन से लेकर रेलवे के बड़े पदों पर महिलाएं काम कर रही हैं। वहीं महिला रेल कर्मियों ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का पल है।

******************

सिमडेगा जिले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी की नर्सरी के रूप में विशेष पहचान दिलाने में स्थानीय महिला खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा है। महिला खिलाड़ी रीना, पिंकी और यमुना ने कहा कि वे भी जिले की प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ियों सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग की तरह बेहतर प्रदर्शन कर राज्य का नाम रौशन करने का इरादा रखती हैं।

हॉकी खिलाड़ी सुशीला और अनुप्रिया ने भी कहा कि सिमडेगा जिले की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। हॉकी की कोच तारिणी कुमारी ने कहा कि महिला हॉकी खिलाड़ियों में खेल के प्रति अधिक समर्पण है।यही कारण है कि वे आगे बढ़ रही हैं।

******************

पाकुड़ जिले में आर्थिक रुप से बेहद कमजोर आदिम जनजाति पहाड़िया महिलाएं आज बोरा बनाने के कारोबार से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रही हैं।

******************

देवघर एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट कई शहरों के लिए उड़ान भर रही है. इसमें रांची, कोलकाता, बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई शामिल है। देवघर से पटना उड़ान भरने वाली इंडिगो फ्लाइट सेवा स्थगित कर दिया गया है।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज जमशेदपुर के कदमा स्थित जाहेरथान में आयोजित बाहा पर्व में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में भेजी जा रही है। आप सभी आगामी त्योहारों को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

******************

हजारीबाग जिला के कटकमदाग थाना क्षेत्र में एनटीपीसी कोल परियोजना के वरीय अधिकारी की हत्या मामले में बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस मामले का अनुसंधान जारी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

******************

रांची व्यवहार न्यायालय में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आय़ोजन किया गया। इस मौके पर गठित 56 बेंच में तीस हजार के लगभग मामलों का निपटारा किया। झालसा की ओर से आयोजित इस लोक अदालत में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि लोगों को सुलभ न्याय देने की जरुरत है।

******************

पलामू जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन की शुरुआत की गई।

******************

मौसम विभाग ने राज्यभर में अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। आम जनजीवन में इसक असर देखने को मिलेगा।

******************

बंगलुरु में चल रही 45 वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स मीट के पांचवें दिन आज झारखंड के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन रहा। एथलीट श्रीराम यादव ने जहां 45 वर्ष से ज्यादा उम्र की श्रेणी के तीन हजार स्टीपल चेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, वहीं इसी स्पर्धा के 45 वर्ष से ज्यादा उम्र की श्रेणी में राजेंद्र प्रसाद ने कांस्य पदक हासिल किया।

********समाप्त********